दिन–शनिवार | दिनांक– 30 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. जननायक कर्पूरी ठाकुर मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित।

02. लोकसभा चुनाव के पहले चरण की चार सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच समाप्त। बहत्तर नामांकन पत्रों में तैंतीस नामांकन पत्र रद्द किये गये।

03. लोजपा रामविलास ने अपने कोटे की पांचों सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की। सीपीआई माले ने भी अपने तीन उम्मीदवार घोषित किये।

04. और, औरंगाबाद में पुलिस ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम किया। पचरूखिया के जंगलों में छुपाकर रखे सात आइईडी बमों को किया निष्क्रिय।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे जननाकर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। यह पुरस्कार उनके पुत्र और राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने ग्रहण किया।

———बाईट———

वहीं, पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव तथा चौधरी चरण सिंह और कृषि वैज्ञानिक एम. एस. स्वामीनाथन को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति कल पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश का शीर्ष नागरिक पुरस्कार भारत रत्न प्रदान करेंगी। अलंकरण समारोह के दौरान, पुरस्कार विजेताओं के परिवारजनों ने पुरस्कार ग्रहण किए। समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आकाशवाणी से बातचीत में भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर ने भारत सरकार का धन्यवाद किया –

———बाईट———

मैं बहुत खुश हूं भारत सरकार ने जन नायक कर्पूरी ठाकुर जी को देखा, समझा, बूझा, मरणोपरांत उन्हें 36 वर्षों के संघर्ष के बाद भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च अवॉर्ड देने का काम किया। मैं अपनी तरफ से, अपने परिवार की तरफ से, बिहार की जनता की तरफ से और पूरे हिन्दुस्तान के शोषित, पीडित, दलित, लांछित की तरफ से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं और आभार व्यक्त करता हूं।

आज कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन की बेटी सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र में काम करने के लिए उनके पिता को सम्मानित किया है।

———बाईट———

आज तो बहुत खुशी का दिन है। उनके पूरे जीवन उन्हें फार्मर्स के लिए, किसानों के लिए काम किया और वो चाहते थे कि भारत में फूड सिक्योरिटी हो और सब लोगों को सफिसिएंट खाना मिले तो इस चीज के लिए पूरा जिन्दगी जब तक लास्ट ईयर उनकी डैथ हुई, तो वो कॉन्स्टेंटली ट्राई कर रहे थे। तो हमको बहुत खुशी है कि इसका रिकॉग्निशन आज मिला है भारत रत्न के रूप में।

चौधरी चरणसिंह के पौत्र जयंत सिंह ने कहा कि उनके दादा को भारत रत्न मिलना बहुत बड़ी उपलब्धि है।

———बाईट———'

शब्द नहीं है कैसे मैं आपको बताऊं, क्या वर्णन करूं, बहुत अच्छा लगा। पूरे सेरमनी का भी एक प्रोटोकॉल होता है। उस प्रोटोकॉल में वहां उस स्थान पर बैठे—बैठे आपको धीमे—धीमे एहसास होता है कि आज ये कितने ऐतिहासिक पल हैं और मेरे परिवार के कई परिजन यहां पहुंच पाए, कई नहीं पहुंच पाए। सब लोग बहुत खुश हैं। पूरे देश के किसानों तक यह बात पहुंची है कि भारत सरकार ने निर्णय लिया है, उनके हित में लिया है, उनके सम्मान में लिया है।

———————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए चार सीटों पर आज नामांकन पत्रों की जांच पूरी कर ली गयी। उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए इन चार सीटों पर उनतालीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गये हैं। इन सीटों पर बहत्तर उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा था, जिसमें तैंतीस नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गया में सात उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये हैं। इसके बाद यहां पंद्रह उम्मीदवार अब चुनाव मैदान में रह गये हैं। जमुई में भी पांच उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। यहां राजद, लोजपा— रामविलास और बसपा के प्रत्याशी सहित सात प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। नवादा में नौ उम्मीदवारों का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया। यहां अब आठ उम्मीदवार ही चुनाव मैदान में हैं। औरंगाबाद में बारह उम्मीदवारों का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया है। यहां नौ उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गये हैं। इन सभी सीटों पर दो अप्रैल तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकते हैं। उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा।

———————————————————————————————

किशनगंज संसदीय क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी मुजाहिद आलम ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर जदयू के वरिष्ठ नेता जमा खान और दिलीप जायसवाल समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। किशनगंज में दूसरे चरण के तहत छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा। जदयू नेता जमा खान ने दावा किया कि इस चुनाव में किशनगंज समेत सभी चालीस सीटों पर एनडीए की जीत पक्की है।

---बाईट---

---

चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास ने अपने कोटे की सभी पांच सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने वैशाली संसदीय क्षेत्र से वीणा देवी, समस्तीपुर से श्रीमती शांभवी चौधरी, खगड़िया से राजेश वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। हाजीपुर संसदीय सीट से पार्टी प्रमुख चिराग पासवान स्वयं चुनाव लडेंगे। वहीं, जमुई संसदीय क्षेत्र से अरूण भारती पार्टी उम्मीदवार के रूप में पर्चा दाखिल कर चुके हैं।

---

भाकपा माले ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने कोटे की तीनों सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिये हैं। पार्टी के राज्य सचिव कुणाल ने आज पटना में बताया कि आरा लोकसभा सीट से सुदामा प्रसाद, काराकाट से राजाराम सिंह और नालंदा से संदीप सौरभ को उम्मीदवार बनाया गया है। श्री कुणाल ने बताया कि भोजपुर के अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए शिव प्रकाश रंजन को उम्मीदवार बनाया गया है।

---बाईट---

---

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि वे इस वर्ष लोकसभा चुनाव नहीं लडेंगे। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा कर श्री पारस ने कहा कि वो एनडीए के साथ हैं, लेकिन इस बार चुनाव में उम्मीदवार के तौर पर सक्रिय नहीं रहेंगे। गौरतलब है कि एनडीए में सीट बंटवारे के तहत श्री पारस की पार्टी रालोजपा को एक भी सीट नहीं मिलने के कारण श्री पारस ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। वे लगातार हाजीपुर से चुनाव लड़ने की बात करते

रहे थे, लेकिन हाजीपुर संसदीय सीट शेयरिंग के तहत चिराग पासवान के नेतृत्व वाली पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास को दे दी गयी।

———————————————————————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आनंद शर्मा ने बताया कि आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पच्चीस इन्फोर्समेंट एजेंसियों की मदद ली जा रही है।

———बाईट———

———————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

मधेपुरा जिले में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है। चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद जिला प्रशासन भी पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र में कुल 6 विधानसभा है। इसमें मधेपुरा जिले का आलमनगर, बिहारीगंज और मधेपुरा, जबकि सहरसा जिले का सहरसा, महिषी और सोनवर्षा विधानसभा शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा ने बताया कि स्वच्छ और भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन तत्पर है। इसके लिए आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन कराया जा रहा है। साथ ही स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

———बाईट– विजय प्रकाश मीणा, जिला पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी, मधेपुरा

आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करवाया जा रहा है। धारा 107 के तहत कुल 9000 लोगों को नोटिस किया गया है। इसमें से 3500 लोगों का बॉन्ड भरवाया गया है, जबकि अन्य से बॉन्ड भरवाने की कार्यवाही चल रही है। इसके अलावा सीसीए के तहत लगभग 250 अपराधी/हिस्ट्रीसीटरों को जिला बदर किया गया है। जिले में इस बार लगभग 70 हजार नए वोटर मतदान करेंगे। पहली बार मतदान करनेवाले युवाओं में गजब का उत्साह दिख रहा है ।

——बाईट——

मधेपुरा संसदीय क्षेत्र से जदयू ने दिनेश चंद्र यादव को प्रत्याशी बनाया है। जबकि महागठबंधन में सीट बटवारे के तहत ये सीट राजद को मिली है। राजद ने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधेपुरा से मनीष वत्स।

———————————————————————————

औरंगाबाद में पुलिस ने नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया गया है। जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पचरूखिया पहाड़ के जंगलों में छापेमारी अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे गये सात प्रेशर आइईडी बम निष्क्रिय कर दिये गये। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान यह बम

बरामद किये गये, जिसे छापेमारी दल ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया है। श्री कुमार ने कहा कि इस क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के दौरान नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

———————————————————————————

सीवान की एक अदालत ने—दो हजार तेरह के चिल्हमरवा हत्या कांड मामले में अभियुक्त सीपीआई माले के विधायक अमरजीत कुशवाहा और सत्यदेव राम को रिहा कर दिया है। अमरजीत कुशवाहा जीरादेई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं, जबकि सत्यदेव राम दरौली से विधायक हैं। गौरतलब है कि चिल्हमरवा में जमीन विवाद में दो गुटों के बीच हिंसक संघर्ष में दो लोगों की हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में माले विधायकों समेत दस नामजद और पंद्रह अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज करवाया गया था। अदालत के निर्णय पर प्रसन्न्ता जताते हुए सत्यदेव राम ने कहा कि उन्हें न्यायालय पर भरोसा था और आज न्याय की जीत हुयी है।

————बाईट———

———————————————————————————

मुंगेर के अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौधरी ने पॉक्सो एक्ट के मामले में चार आरोपियों को आजीवन कारवास की सजा सुनाई है साथ ही पच्चीस—पच्चीस हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कक्षा एक से पांच तक के नियोजित शिक्षकों के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। कुल तिरानवे दशमलव तीन नौ प्रतिशत शिक्षक सफल हुये हैं। परीक्षा में एक लाख अड़तालीस हजार आठ सौ पैंतालीस शिक्षक शामिल हुये थे, जिनमें एक लाख उनतालीस हजार दस शिक्षक सफल हुये हैं। परीक्षार्थी बीएसईबी समक्षता डॉट कॉम पर अपना परिणाम देख सकते हैं। बोर्ड के अनुसार यह परिणाम पूरी तरह औपबंधिक हैं। सफल शिक्षकों की काउंसिलिंग के लिए शिक्षा विभाग द्वारा अलग से सूचना दी जायेगी। सक्षमता परीक्षा में असफल हुए अभ्यर्थियों को चार और मौके मिलेंगे। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए समक्षता परीक्षा आयोजित करवाने का फैसला किया था। इस परीक्षा में सफल नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिलेगा।

---

राज्य सरकार ने चार हजार से अधिक अतिथि शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी है। इस सिलसिले में शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर......

01. जननायक कर्पूरी ठाकुर मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित।

02. लोकसभा चुनाव के पहले चरण की चार सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच समाप्त। बहत्तर नामांकन पत्रों में तैंतीस नामांकन पत्र रद्द किये गये।

03. लोजपा रामविलास ने अपने कोटे की पांचों सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की। सीपीआई माले ने भी अपने तीन उम्मीदवार घोषित किये।

04. और, औरंगाबाद में पुलिस ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम किया। पचरूखिया के जंगलों में छुपाकर रखे सात आइईडी बमों को किया निष्क्रिय।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।